# BIHAR BOARD QUESTION PAPER

# INTERMEDIATE EXAMINATION - 2022

# इंटरमीडिएट परीक्षा - 2022

**(ANNUAL / वार्षिक)**

# PHILOSOPHY

समय : 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांक : 100

परीक्षार्थियों के लिए निर्देश :

1. परीक्षार्थी OMR उत्तर पत्रक पर अपना प्रश्न पुस्तिका क्रमांक (10 अंकों का) अवश्य लिखें।

2. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

3. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

4. प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ने के लिए परीक्षार्थियों को 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया गया है।

5. यह प्रश्न पुस्तिका दो खण्डों में है-खण्ड 'अ' एवं खण्ड 'ब'|

6. खण्ड 'अ' में 100 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, जिनमें से किन्हीं 50 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है। 50 प्रश्नों से अधिक का उत्तर देने पर प्रथम 50 का ही मूल्यांकन होगा। प्रत्येक के लिए 1 अंक निर्धारित है। इनका उत्तर देने के लिए उपलब्ध कराये गए OMR उत्तर-पत्रक में दिए गए सही विकल्प को नीले / काले बॉल पेन से प्रगाढ़ करें। किसी भी प्रकार के ह्वाइटनर / तरल पदार्थ / ब्लेड / नाखून आदि का OMR उत्तर पत्रक में प्रयोग करना मना है, अन्यथा परीक्षा परिणाम अमान्य होगा।

7. खण्ड-ब में 30 लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं 15 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य हैं। इनके अतिरिक्त इस खण्ड में 8 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं, प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है, जिनमें से किन्हीं 4 प्रश्नों का उत्तर देना अनिवार्य है।

8. किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग पूर्णतया वर्जित है।

BiharboardQuestionpaper.com

SECTION - A

प्रश्न संख्या 1 से 100 तक के प्रत्येक प्रश्न के लिए चार विकल्प दिए गए हैं, जिनमें से एक सही है। आपको 100 प्रश्नों में से किन्हीं 50 प्रश्नों का ही उत्तर देना है। अपने द्वारा चुने गए सही विकल्प को OMR शीट पर चिह्नित करें।

1. 'पंचावयव' का संबंध किससे है ?

(a) न्याय के प्रत्यक्ष से

(b) न्याय के उपमान से

(c) न्याय के अनुमान से

(d) न्याय के शब्द प्रमाण से

2. हेत्वाभास क्या है ?

(a) अनुमान से संबंधित दोष

(b) प्रत्यक्ष से संबंधित दोष

(c) शब्द प्रमाण से संबंधित दोष

(d) इनमें से कोई नहीं

3. अयथार्थ ज्ञान क्या कहलाता है ?

(a) प्रमा

(b) प्रमाण

(c) अप्रमा

(d) ख्याति

BiharboardQuestionpaper.com

4. श्वास-प्रक्रिया को नियंत्रित करके उसको एक क्रम में लाना क्या कहलाता है ?

(a) ध्यान

(b) धारणा

(c) समाधि

(d) प्राणायाम

5. सांख्य दर्शन में ज्ञान को किस संदर्भ में लिया गया है ?

(a) पुरुष का ज्ञान

(b) प्रकृति का ज्ञान

(c) पुरुष और प्रकृति के बीच भिन्नता का ज्ञान

(d) इनमें से सभी

6. निम्नलिखित में से कौन ज्ञान का अवरोध करता है ?

(a) सत्व

(b) रजस

(c) तमस्

(d) इनमें से कोई नहीं

7. शरीर और मन उपाधियों से सीमित परमात्मा क्या है ?

(a) माया

(b) जीवात्मा

(c) ब्रह्मा

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

8. न्याय ज्ञानमीमांसा में ज्ञान लक्षण प्रत्यक्ष क्या है ?

(a) अलौकिक प्रत्यक्ष

(b) लौकिक प्रत्यक्ष

(c) सविकल्प प्रत्यक्ष

(d) निर्विकल्प प्रत्यक्ष

9. किसने गीता को अनासक्त योग कहा है ?

(a) विनोबा

(b) गाँधी

(c) नेहरू

(d) तिलक

10. सत्व गुण का सत्व गुण में ही रूपांतरित होना क्या है ?

(a) विरूप परिवर्तन

(b) स्वरूप परिवर्तन

(c) विवर्त परिवर्तन

(d) इनमें से कोई नहीं

11. प्रतीत्यसमुत्पाद का सिद्धान्त बौद्ध दर्शन के आर्यसत्य से सम्बन्धित है।

(a) प्रथम

(b) द्वितीय

(c) तृतीय

(d) चतुर्थ

BiharboardQuestionpaper.com

BiharboardQuestionpaper.com

12. बौद्ध दर्शन का प्रमुख सिद्धान्त क्या है ?

(a) मध्यम मार्ग

(b) अद्वैतवाद

(c) ईश्वरवाद

(d) इनमें से सभी

13. सांख्य दर्शन का आध्यात्मिक सत्ता क्या है ?

(a) प्रकृति

(b) पृथ्वी

(c) ईश्वर

(d) पुरुष

14. सांख्य, योग और न्याय दर्शन का सामान्य विचार है।

(a) आस्तिकता

(b) नास्तिकता

(c) एकवादिता

(d) इनमें से कोई नहीं

15. शंकर के दर्शन में व्यावहारिक सत्ता क्या है ?

(a) निर्गुण ईश्वर

(b) ब्रह्म

(c) जगत

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

16. भगवद् गीता के अनुसार वह कर्म क्या है जो बिना फल की इच्छा के किया जाता है?

(a) सकाम कर्म

(b) निष्काम कर्म

(c) विकर्म

(d) अकर्म

17. निम्नलिखित में से कौन पुरुषार्थ के अन्तर्गत आता है ?

(a) धर्म

(b) मोक्ष

(c) (a) और (b) दोनों

(d) प्रेम

18. दर्शन के तत्वमीमांसीय विचार को क्या कहते हैं ?

(a) अनेकानावाद

(b) स्यादवाद

(c) द्वैतवाद

(d) अद्वैतवाद

19. किस दार्शनिक ने तत्वमीमांसीय प्रश्नों पर मौन धारण किये रहने को प्राथमिकता दिया है ?

(a) महावीर

(b) शंकर

(c) कपिल

(d) बुद्ध

BiharboardQuestionpaper.com

20. भगवद् गीता के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प सही है ?

(a) भगवद् गीता कृष्ण-अर्जुन संवाद का प्रतिफल है

(b) भगवद् गीता महाभारत महाकाव्य का भाग है

(c) भगवद् गीता भगवान का गीत है।

(d) इनमें से सभी

21. वस्तुवाद किस प्रकार के सिद्धान्त से संबंधित है ?-

(a) ईश्वरवाद से

(b) सत्तामीमांसा से

(c) ज्ञानमीमांसा से

(d) सौन्दर्य मीमांसा से

22. कारण को भावात्मक और निषेधात्मक उपाधियों का योग किसने माना है ?

(a) अरस्तू

(b) मिल

(c) ह्यूम

(d) काण्ट

23. कारण का गुणात्मक लक्षण क्या है

(a) यह पूर्ववर्ती घटना है।

(b) यह अनौपाधिक घटना है।

(c) यह तात्कालिक, नियत, अनौपाधिक, पूर्ववर्ती घटना है।

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

24. निम्नलिखित में से कौन अनुप्रयुक्त नीतिशास्त्र की शाखा है ?

(a) पर्यावरणीय नीतिशास्त्र

(b) जैव-चिकित्सीय नीतिशास्त्र

(c) व्यवसाय नीतिशास्त्र

(d) इनमें से सभी

25. प्रयोजनात्मक मुक्ति का संबंध किससे है ?

(a) ईश्वर के अस्तित्व से

(b) आत्मा के अस्तित्व से

(c) जड़ के अस्तित्व से

(d) इनमें से कोई नहीं

26. पर्यावरण का संबंध किससे है ?

(a) केवल पशु से

(b) केवल मनुष्य से

(c) देवता से

(d) प्रकृति के संतुलन से

27. व्यापार नीतिशास्त्र किस दिशा में केन्द्रित है ?

(a) नैतिक शब्दों के विश्लेषण में

(b) सद्गुणों को बल प्रदान करने में

(c) व्यापार के क्षेत्र में नैतिक मूल्यों को स्थापित करने में

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

28. नीतिशून्य कर्म का क्या अर्थ है ?

(a) यह कर्म जो नैतिक दृष्टिकोण से अनुचित है

(b) वह कर्म जिसे मनुष्यों को नहीं करना चाहिए

(c) (a) और (b) दोनों

(d) वह कर्म जिस पर नैतिक निर्णय नहीं दिया जाता है

29. नीतिशास्त्र किस विद्या को कहते हैं ?

(a) जो परम सत्ता की खोज करता है

(b) जो नैतिक मापदण्डों की खोज करता है।

(c) जो ज्ञान के साधन की खोज करता है।

(d) इनमें से कोई नहीं

30. अनुप्रयुक्त नीतिशास्त्र का प्रणेता किसको माना जाता है ?

(a) मिल

(b) काण्ट

(c) पीटर सिंगर

(d) मूर

31. 'लोक संग्रह' के विचार का क्या उद्देश्य है ?

(a) किसी वर्ण विशेष के व्यक्तियों का कल्याण

(b) किसी वर्ण विशेष के व्यक्तियों के लिये धन संग्रह

(c) इस लोक के व्यक्तियों का कल्याण

(d) इनमें से सभी

BiharboardQuestionpaper.com

32. भारतीय दर्शन में बंधन की अवधारणा का क्या अर्थ है ?

(a) आत्मा का शरीर से बंधे रहना

(b) शरीर का जगत से बंधे रहना

(c) जीवात्मा का परमात्मा से बंधे रहना

(d) सगुण ईश्वर का निर्गुण ईश्वर से बंधे रहना

33. भारतीय दर्शन को निराशावादी क्यों कहा गया है ?

(a) आत्मा को शाश्वत मानने के कारण

(b) जगत् को दुःखपूर्ण मानने के कारण

(c) मुक्ति की अवधारणा के कारण

(d) कर्म सिद्धान्त की महत्ता के कारण

34. भारतीय दर्शन की कौन-सी अवधारणा मनुष्य के सांसारिक जीवन के क्रमिक विकास का उद्देश्य निर्धारित करता है ?

(a) द्रव्य की अवधारणा

(b) पुरुषार्थ की अवधारणा

(c) ईश्वर की अवधारणा

(d) इनमें से कोई भी नहीं

35. 'फिलॉसफी' शब्द का शाब्दिक अर्थ क्या है ?

(a) संसार के सभी मनुष्यों के बीच भाईचारा

(b) ज्ञान स्वतः सिद्ध है

(c) ज्ञान के लिए अनुराग

(d) ज्ञान का विस्तार

BiharboardQuestionpaper.com

36. दर्शनशास्त्र में ज्ञान को किस अर्थ में प्रयुक्त किया जाता है ?

(a) विस्तृत अर्थ में

(b) संकुचित अर्थ में

(c) दोनों अर्थों में

(d) इनमें से कोई नहीं

37. जैन दर्शन में सर्वज्ञानी संत को क्या कहा जाता है ?

(a) अहंत्

(b) योगी

(c) तीर्थंकर

(d) इनमें से कोई नहीं

38. 'धर्म चक्रप्रवर्तन' का संबंध किस दर्शन से है ?

(a) जैन दर्शन

(b) बौद्ध दर्शन

(c) सांख्य दर्शन

(d) योग दर्शन

39. बौद्ध दर्शन के किस आर्य सत्य को नैतिक कारणतावाद कहा गया है ?

(a) प्रथम आर्य सत्य

(b) द्वितीय आर्य सत्य

(c) तृतीय आर्य सत्य

(d) चतुर्थ आर्य सत्य

BiharboardQuestionpaper.com

40. किस आस्तिक दर्शन में ईश्वर के अस्तित्व को स्वीकार नहीं किया गया है?

(a) न्याय दर्शन

(b) वैशेषिक दर्शन

(c) सांख्य दर्शन

(d) योग दर्शन

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

41. किस बुद्धिवादी दार्शनिक के अनुसार द्रव्य स्वतंत्र, निरपेक्ष, विलक्षण और सार्वभौम है? (a) देकार्त

(b) स्पिनोजा

(c) लाइबनिज

(d) लॉक

42. विचार और विस्तार को ईश्वर का गुण किसने माना है ?

(a) स्पिनोजा

(b) देकार्त

(c) लाइबनिज

(d) बर्कले

43. किस बुद्धिवादी दार्शनिक ने पूर्व स्थापित सामंजस्य का सिद्धान्त प्रतिपादित किया है?

(a) स्पिनोजा

(b) देकार्त

(c) लाइबनिज

(d) बर्कले

44. जन्मजात प्रत्ययों के विचार का खण्डन किस अनुभववादी दार्शनिक ने किया है ?

(a) लॉक

(b) बर्कले

(c) ह्यूम

(d) काण्ट

45. किस दार्शनिक ने कहा है कि सरल प्रत्ययों के निर्माण में हमारी बुद्धि निष्क्रिय रहती है ?

(a) स्पिनोजा

(b) लॉक

(c) लाइबनिज

(d) बर्कले

46. किस अनुभववादी ने जड़ पदार्थ का पूर्णतः निषेध किया और अध्यात्मवाद की स्थापना की है?

(a) लॉक

(b) बर्कले

(c) ह्यूम

(d) काण्ट

47. किसने कहा है कि होना तथा प्रत्यक्ष होना दोनों एक है ?

(a) काण्ट

(b) ह्यूम

(c) बर्कले

(d) लॉक

BiharboardQuestionpaper.com

48. किसने संस्कारों को प्राथमिक तथा प्रत्ययों को गौण माना है

(a) ह्यूम

(b) लॉक

(c) काण्ट

(d) बर्कले

49. ह्यूम के अनुभववाद की प्रमुख मान्यता क्या है ?

(a) कार्य-कारण अनिवार्य नहीं है

(b) कार्य-कारण सम्भाव्य है

(c) अनिवार्यता बाह्य वस्तु तथा घटना में नहीं, हमारे मन में है

(d) इनमें से सभी

50. किसने कहा है कि बुद्धिवाद का अन्त अंधविश्वास में तथा अनुभववाद का अन्त संशयवाद में होता है?

(a) लॉक

(b) बर्कले

(c) ह्यूम

(d) काण्ट

51. वैशेषिक दर्शन के अनुसार पदार्थ कितने हैं ?

(a) सात

(b) चार

(c) दो

(d) एक

BiharboardQuestionpaper.com

52. वैशेषिक दर्शन के अनुसार द्रव्य की संख्या कितनी है ?

(a) पाँच

(b) छः

(c) नौ

(d) चार

53. वैशेषिक दर्शन के अनुसार गुण का आधार क्या है ?

(a) द्रव्य

(b) सामान्य

(c) विशेष

(d) इनमें से कोई नहीं

54. 'पदार्थशास्त्र' किस दर्शन का दूसरा नाम है ?

(a) न्याय

(b) सांख्य

(c) योग

(d) वैशेषिक

55. जैन दर्शन के 'अनेकान्तवाद' के सिद्धान्त का सीधा संबंध किससे है ?

(a) द्रव्य की अनेकता से

(b) ज्ञान की सापेक्षता से

(c) जैन धर्म के ग्रंथ से

(d) जैन धर्म के पूजा स्थलों से

BiharboardQuestionpaper.com

56. भारतीय दर्शन में आत्म-ज्ञान का सम्बन्ध है

(a) पुनर्जन्म से

(b) बंधन से

(c) धन संग्रह से

(d) अविद्या के निराकरण से

57. बौद्ध दर्शन में अष्टांगिक मार्ग के अंग हैं

(a) प्रज्ञा

(b) शील

(c) समाधि

(d) इनमें से सभी

58. ऋषभदेव कौन थे ?

(a) बौद्ध दर्शन के अर्हत्

(b) जैन दर्शन के प्रथम तीर्थंकर

(c) योग दर्शन के योगी

(d) अद्वैत वेदान्त के ऋषि

59. ऋण के प्रकार क्या है ?

(a) ऋषि

(b) देव

(c) पितृ

(d) इनमें से अभी

BiharboardQuestionpaper.com

60. सांख्य दर्शन निम्नलिखित में किसे स्वीकार करता है ?

(a) आरंभवाद

(b) परिणामवाद

(c) विवर्तवाद

(d) इनमें से कोई

61. बौद्ध दर्शन को नास्तिक दर्शन क्यों कहते हैं ?

(a) क्योंकि यह चेतना को स्वीकार करता है

(b) क्योंकि यह पुनर्जन्म को स्वीकार करता है

(c) क्योंकि यह वेद की प्रामाणिकता को अस्वीकार करता है।

(d) इनमें से सभी

62. भारतीय दर्शन अपनी किस विशेषता के कारण पाश्चात्य दर्शन से भिन्नता स्थापित करता है ?

(a) केवल ज्ञान के आधार पर

(b) केवल ईश्वर विचार के आधार पर

(c) केवल जगत विचार के आधार पर

(d) दृष्टि युक्त ज्ञान के आधार पर

63. आस्तिक दर्शन निम्नलिखित में से किसे चेतना के अधिष्ठान के रूप में स्वीकार करता है?

(a) आत्मा

(b) जगत्

(c) शरीर

(d) प्रकृति

BiharboardQuestionpaper.com

64. शंकराचार्य ने किस दर्शन को प्रतिपादित किया है ?

(a) द्वैतवाद

(b) विशिष्टाद्वैतवाद

(c) भेदाभेदवाद

(d) अद्वैतवाद

65. अद्वैतवाद के अनुसार वह एकमात्र तत्व क्या है ?

(a) परब्रहा

(b) निर्गुण ब्रहा

(c) ब्रहा

(d) इनमें से सभी

66. अद्वैतवाद के अनुसार विश्व की सृष्टि कोन करता है ?

(a) अपर ब्रह्म

(b) ईश्वर

(c) सगुण ब्रह्म

(d) इनमें से सभी

67. कौन नास्तिक शिरोमणि कहलाता है ?

(a) बौद्ध

(b) जैन

(c) चार्वाक

(d) न्याय

BiharboardQuestionpaper.com

68. भारतीय दर्शन को अवतार की अवधारणा के द्वारा समृद्ध किस ग्रंथ किया है ?

(a) ब्रह्म सूत्र

(b) भगवत् गीता

(c) न्याय सूत्र

(d) शंकर भाष्य

69. भारतीय दर्शन के किस सम्प्रदाय में पदार्थ और द्रव्य की विस्तृत विवेचना मिलती है?

(a) योग दर्शन

(b) वैशेषिक दर्शन

(c) अद्वैत वेदान्त

(d) मीमांसा दर्शन

70. महर्षि कणाद किस दर्शन के प्रवर्तक हैं ?

(a) न्याय दर्शन

(b) सांख्य दर्शन

(c) वैशेषिक दर्शन

(d) अद्वैत वेदान्त दर्शन

71. भारतीय दर्शन के अनुसार जीवन का कौन-सा प्रयोजन या उद्देश्य भौतिक है ?

(a) काम

(b) अर्थ

(c) धर्म

(d) (a) और (b) दोनों

BiharboardQuestionpaper.com

72. प्रकृति के किस गुण के कारण वस्तुएँ ऊर्ध्वगमन करती हैं ?

(a) सत्वगुण

(b) रजोगुण

(c) तमोगुण

(d) इनमें से कोई नहीं

73. प्रकृति का कौन-सा गुण जड़ता और निष्क्रियता का कारण है ?

(a) सत्वगुण

(b) रजोगुण

(c) तमोगुण

(d) इनमें से सभी

74. श्वेताम्बर धार्मिक सम्प्रदाय का संबंध किस दर्शन से है ?

(a) जैन दर्शन

(b) बौद्ध दर्शन

(c) सांख्य दर्शन

(d) योग दर्शन

75. 'त्रिपिटक' ग्रंथ का संबंध किस दर्शन से है ?

(a) बौद्ध दर्शन

(b) जैन दर्शन

(c) वेदान्त दर्शन

(d) योग दर्शन

BiharboardQuestionpaper.com

76. पतंजलि का नाम किस ग्रंथ से जुड़ा है ?

(a) योग सूत्र

(b) न्याय सूत्र

(c) प्रमाणवार्तिक

(d) ब्रह्म सूत्र

77. सांख्य दर्शन की प्रमुख विशेषता क्या है ?

(a) शुद्ध एकवाद

(b) अनेकवाद

(c) द्वैतवाद

(d) इनमें से कोई नहीं

78. मूल तत्व के संदर्भ में अद्वैत वेदान्त किस तत्व मीमांसा को अपनाता है ?

(a) शुद्ध एकवाद

(b) द्वैतवाद

(c) विशिष्ट द्वैतवाद

(d) इनमें से सभी

79. न्याय दर्शन का केन्द्रीय विचार है।

(a) नैतिक

(b) सौन्दर्य

(c) राजनैतिक

(d) ज्ञान मीमांसीय

BiharboardQuestionpaper.com

80. भारतीय दर्शन में वैध ज्ञान प्राप्त करने के साधन को क्या कहते हैं ?

(a) प्रमाण

(b) प्रमा

(c) प्रमेय

(d) प्रमाता

81. 'प्रत्याहार' की अवस्था का योग-प्रविधि में क्या योगदान है ?

(a) इन्द्रियों को बाह्य विषयों से वापस खींचना

(b) इन्द्रियों को आंतरिक विषयों से वापस खींचना

(c) इन्द्रियों को वापस मन के पूर्ण वश में करना

(d) इनमें से सभी

82. पतंजलि के यौगिक प्रविधि का अंतिम पायदान क्या है ?

(a) प्रत्याहार

(b) धारणा

(c) ध्यान

(d) समाधि

83. भारतीय दर्शन का प्राण या आत्मा किसे माना जा सकता है ?

(a) स्वस्थ शरीर को

(b) स्वस्थ मन को

(c) शुद्ध आत्मा को

(d) शुद्ध अध्यात्म को

BiharboardQuestionpaper.com

84. अद्वैत वेदान्त के मूल में क्या है ?

(a) योग विद्या

(b) ब्रह्म विद्या

(c) जगत विद्या

(d) माया विद्या

85. वैशेषिक द्वारा कितने प्रकार का गुण माना गया है ?

(a) बारह

(b) चौबीस

(c) आठ

(d) सोलह

86. जैन दर्शन के अनुसार द्रव्य का क्या लक्षण है

(a) उत्पत्ति

(b) विनाश

(c) स्थिरता

(d) इनमें से सभी

87. न्याय ज्ञानमीमांसा में शेषवत् क्या है ?

(a) तात्कालिक अनुमान

(b) प्रत्यक्ष

(c) उपमान

(d) शाब्दिक प्रमाण

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com

88. ज्ञान प्राप्ति के उपरान्त बुद्ध का पहला उपदेश कहाँ हुआ था ?

(a) बोध गया में

(b) सारनाथ में

(c) राजगृह में

(d) कुशीनगर में

89. 'पंचस्कन्धवाद' की वकालत कौन भारतीय दर्शन करता है ?

(a) बौद्ध दर्शन

(b) जैन दर्शन

(c) न्याय दर्शन

(d) सांख्यदर्शन

90. न्याय ज्ञानमीमांसा के अनुसार प्रमेय क्या है ?

(a) प्रमाता

(b) प्रमाण

(c) प्रमा

(d) प्रमा का विषय

91. योग दर्शन में 'अंतरंग साधन' के कितने अवयव हैं ?

(a) तीन

(b) पाँच

(c) चार

(d) दो

BiharboardQuestionpaper.com

92. ज्ञान के साधन के संबंध में बुद्धिवादियों की प्रमुख मान्यता क्या है ?

(a) टेबुला रासा

(b) संस्कार और प्रत्यय

(c) जन्मजात प्रत्यय

(d) संशयवाद

93. मन और शरीर के बीच देकार्त किस प्रकार के संबंध को स्वीकार करते हैं ?

(a) समानान्तरवाद

(b) अन्तर्क्रियवाद

(c) नित्यवाद

(d) नियतत्ववाद

94. बुद्धिवादियों के अनुसार ज्ञान का स्वरूप क्या है ?

(a) सार्वभौम

(b) निश्चित

(c) अनिवार्य

(d) इनमें से सभी

95. किसने कहा है कि दर्शनशास्त्र का ज्ञान भी गणित के ज्ञान की तरह सुस्पष्ट सुभिन्न होनी चाहिए

(a) देकार्त

(b) बर्कले

(c) ह्यूम

(d) लॉक

BiharboardQuestionpaper.com

96. डिस्कोर्स ऑन मेथड' ग्रन्थ किसकी रचना है ?

(a) लाईबनिज

(b) स्पिनोजा

(c) देकार्त

(d) लॉक

97. ज्ञान के साधन के रूप में सहज ज्ञान और निगमन को किसने स्वीकार किया है ?

(a) लॉक

(b) बर्कले

(c) ह्यूम

(d) देकार्त

98. सन्देह का देकार्त के दर्शन में क्या स्थान है ?

(a) दार्शनिक विचार का प्रारम्भ बिन्दु

(b) सत्य का साधन

(c) प्रथम असंदिग्ध सत्य की खोज का साधन

(d) इनमें से सभी

99. आधुनिक पाश्चात्य दर्शन का पिता कहलाता है।

(a) स्पिनोजा

(b) लाइबनिज

(c) देकार्त

(d) इनमें से कोई नहीं

BiharboardQuestionpaper.com

100. स्वयं अर्थात् आत्मा की सत्ता को देकार्त किस आधार पर साबित करते हैं ?

(a) मैं खाता हूँ इसलिए मेरी आत्मा है

(b) मैं टहलता हूँ इसलिए मेरी आत्मा है

(c) मैं खेलता हूँ इसलिए मेरी आत्मा है

(d) मैं सोचता हूँ इसलिए मेरी आत्मा है

## SECTION-B

प्रश्न संख्या 1 से 30 लघु उत्तरीय हैं। किन्हीं 15 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 2 अंक निर्धारित हैं। अधिकतम 50 शब्दों में प्रत्येक उत्तर दें : कारण क्या है ?

1. अरस्तू के अनुसार किसी कार्य को उत्पन्न करने वाले कारण क्या है?

2. क्या निष्काम कर्म सम्भव है ?

3. ईश्वर के अस्तित्व संबंधी प्रमाणों के नामों को लिखें।

4. दर्शन के स्वरूप की संक्षिप्त व्याख्या करें।

5. प्रकृति के सत्व गुण और तमो गुण में मौलिक अन्तर क्या है ?

6. अनुमान की परिभाषा है।

7. अनुप्रयुक्त नीतिशास्त्र क्या है ?

8. नीतिशास्त्र की परिभाषा दें।

9. पर्यावरणीय नीतिशास्त्र क्या है ?

10. न्याय दर्शन के अनुसार स्वार्थानुमान क्या है ?

11. क्या स्पिनोजा का समानान्तरवाद देकार्त के द्वैतवाद का निराकरण करता है ?

12. देकार्त अपने किस सिद्धान्त के आधार पर दर्शनशास्त्र को ईश्वरवाद और अंधविश्वास के चुंगल से बाहर लाना चाहते हैं ?

13. कारणता की परिभाषा रोजिए।

BiharboardQuestionpaper.com

14. भारतीय दर्शन के अनुसार ऋण क्या है ?

15. प्रमेय क्या है ?

16. वस्तुवाद और ज्ञानमीमांसीय प्रत्ययवाद का मौलिक भेद बतायें।

17. भारतीय दर्शन के 'कर्म सिद्धान्त' की मौलिक विशेषता क्या है ?

18. क्या कारण को हमेशा कार्य का पूर्ववर्ती रहना चाहिए ?

19. किस अर्थ में हम 'बुद्धिवाद' शब्द का प्रयोग करते हैं ?

20. 'जन्मजात प्रत्यय' के विचार और लॉक के 'टैबूला रासा' के विचार में क्या अन्तर है?

21. बर्कले भौतिक वस्तुओं को भी प्रत्ययात्मक क्यों मानते हैं ?

22. व्याप्ति संबंध क्या है ?

23. काण्ट ने ज्ञान को कैसे परिभाषित किया है ?

24. जैन दर्शन में ज्ञान की सापेक्षता क्या है ?

25. योग दर्शन में 'आसन' को क्या उपयोगिता है ?

26. स्वधर्म का तात्पर्य क्या है ? स्पष्ट करें।

27. क्या भारतीय दर्शन निराशावादी है ? वर्णन करें।

28. 'अर्हत्' का क्या अर्थ है ? वर्णन करें।

29. 'उचित' को किस दृष्टिकोण से एक नैतिक प्रत्यय कहते हैं ?

30. 'अनुभववाद' शब्द का प्रयोग किस अर्थ में होता है ?

प्रश्न संख्या 31 से 38 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न हैं। किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक के लिए 5 अंक निर्धारित है। अधिकतम 100 शब्दों में प्रत्येक उत्तर दें।

31. ईश्वर के अस्तित्व के संदर्भ में कारण मूलक युक्ति का वर्णन करें।

32. वर्णाश्रम धर्म से आप क्या समझते हैं ? व्याख्या करें।

BiharboardQuestionpaper.com

33. ब्रह्म और जगत् के संबंध के संदर्भ में शंकर के विवर्तवाद के सिद्धान्त की व्याख्या करें।

34. किस संदर्भ में कहा जाता है कि लॉक का अनुभववाद ह्यूम के संशयवाद में परिणत हो जाता है

35. पाश्चात्य दर्शन के ज्ञानमीमांसा के क्षेत्र में काण्ट का प्रमुख योगदान क्या है ?

36. सांख्य दर्शन में प्रकृति के स्वरूप के संदर्भ में उसके गुण विचार का वर्णन करें।

37. बुद्धिवाद की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन करें।

38. नीतिशास्त्र में इच्छा स्वातंत्र्य और नियतिवाद के सिद्धान्तों का पारस्परिक संबंध क्या है ?

बिहार बोर्ड के नए और पुराने ऑफिसियल क्वेश्चन पेपर, मॉडल पेपर, आंसर-की, पाठ्यक्रम, नोट्स, मॉक टेस्ट, सेंट-अप और प्रैक्टिकल परीक्षा प्रश्न पत्र आदि के लिए...

BiharboardQuestionpaper.com

अभी विजिट करें ..

BiharboardQuestionpaper.com